कार्यालय–मुख्य विकास अधिकारी, श्रावस्ती।

पत्रांक C-126 /जि0का0अधि0/वजन दिवस/ 2022–23 दिनांकः 21 मई, 2022

1. जिला पंचायत राज अधिकारी,
2. समस्त, बाल विकास परियोजना अधिकारी,

जनपद–श्रावस्ती।

विषय– दिनांक 24.05.2022 से 07.06.2022 के मध्य तक प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्र पर वजन दिवस का आयोजन कराये जाने विषयक।

जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में आयोजित जिला पोषण समिति की बैठ्क दिनांक 20.05.2022 में दिये गये निर्देश कि समस्त आंगनबाडी केन्द्र के 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों का पुनः वजन कराते हुए चिन्हांकन लाल–पीले,सैम–मैम एवं नाटापन का किया जायेगा। दिनांक 24.05.2022 से 07.06.2022 तक समस्त 0 से 05 वर्ष के बच्चों का वजन कराने हेतु वजन दिवस का आयोजन किया जायेगा। वजन दिवस के आयोजन में लाल–पीले, सैम–मैम, स्टण्टेड बच्चों एवं पोषण श्रेणी का 100% चिन्हांकन किया जायेगा।

बच्चों का वजन किये जाने से पूर्व बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा अपने स्तर से मुख्य सेविकाओं एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों की प्रतिदिन 01–01 सेन्टर में वजन अपने समक्ष कराये जाने हेतु ड्यूटी लगायी जायेगी, साथ ही मुख्य सेविकाओं एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि 0 से 05 वर्ष के समस्त बच्चों का वजन कराया गया है, कोई भी बच्चा वजन कराये जाने से छूट नहीं है।

जिला पंचायत राज अधिकारी श्रावस्ती द्वारा समस्त ग्राम प्रधानो से वजन दिवस में 0 से 05 वर्ष के बच्चों को बुलाने हेतु 01 दिन पूर्व मुनादी कराने तथा बच्चों को आंगनबाडी केन्द्रों तक पुहंचाने में पूर्ण सहयोग किया जायेगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 24.05.2022 से 07.06.2022 तक 0 से 05 वर्ष के समस्त बच्चों का वजन एवं चिन्हांकन कराते हुए निर्धारित प्रारूप पर संकलित सूचना प्रमाण पत्र के साथ कि 0 से 05 वर्ष के समस्त बच्चों का वजन कराया गया है, कोई भी बच्चा वजन कराये जाने से छूट नहीं है जिला कार्यकम अधिकारी, कार्यालय में प्राप्त कराना सुनिश्चित करें,उक्त आयोजन में किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी, तथा किसी प्रकार का अवकाश देय नहीं होगा।

संलग्नक–निर्धारित प्रारूप।

(अनुभव सिंह)
मुख्य विकास अधिकारी,
श्रावस्ती।

पृष्ठांकन संख्या : / तद्दिनांकित :

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1–निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार,उ0प्र0 लखनऊ।

2–जिलाधिकारी महोदया, श्रावस्ती।

3–जिला कार्यकम अधिकारी,श्रावस्ती।

मुख्य विकास अधिकारी,
श्रावस्ती।

Scanned with CamScanner